>

Title: The Minister of Parliamentary Affairs made a statement regarding Government Business for the week commencing the 16th August, 2011 and submissions made by the members.

THE MINISTER OF PARLIAMENTARY AFFAIRS AND MINISTER OF WATER RESOURCES (SHRI PAWAN KUMAR BANSAL): Madam, I beg to announce that the Business during the week commencing Monday, the 16th August, 2011, will consist of:-

1. Consideration of any item of Government Business carried over from today's Order paper.

2. Consideration and passing of the following Bills:-

(a) The Academy of Scientific and Innovative Research Bill, 2010.

(b) The Customs (Amendment and Validation) Bill, 2011

(c ) The Indian Medical Council (Amendment) Bill, 2011- to replace an Ordinance.

(d) The Indian Institute of Information Technology, Design and Manufacturing, Kancheepuram Bill, 2011- to replace an Ordinance.

(e) The Constitution (One Hundred and Eleventh Amendment) Bill, 2009.

3. Consideration and passing of the following Bills, after they are passed by Rajya Sabha:-

(a) The Central Educational Institutions (Reservation in Admission) Amendment Bill, 2010.

(b) The Right of Children to Free and Compulsory Education (Amendment) Bill, 2010.

(c ) The National Council for Teacher Education (Amendment) Bill, 2010.

MR. CHAIRMAN : Shri P.L. Punia – Not present.

Sk. Saidul Haque.

SK. SAIDUL HAQUE (BARDHMAN-DURGAPUR): Sir, I want that the following items may be included in the next week's Agenda:

(a) The Urea producing plant of Hindustan Fertilizer Corporation Limited situated at Durgapur in West Bengal was closed down during the years 2000 and 2003. There is a growing demand of Urea all over the country. Time testing exercises for revival of the closed unit have been made for the last few years but with no result. Hence, I urge upon the Government to revive the Durgapur unit of HFCL.

(b) Katwa-Ahmedpur narrow gauge railway line is the only narrow gauge line in West Bengal to be converted into broad gauge line. Survey has already been done by Railway. Hence, I demand that the narrow gauge line between Katwa and Ahmedpur be immediately converted into broad gauge.

**श्री दत्ता मेघे (वर्धा):** सभापति महोदय, मैं आपकी अनुमति से विदर्भ के अत्यन्त महत्वपूर्ण विषय को अगले सप्ताह की कार्य सूची में सम्मिलित करने का अनुरोध करता हूं। **...**(व्यवधान)

भारत सरकार, विदर्भ में ऊर्जा निर्मिती के 43 से भी अधिक थर्मल प्रोजेक्ट लगाने जा रही है। **...**(व्यवधान)

**सभापति महोदय :** दत्ता मेघे जी, आप केवल एक लाइन बोल दीजिए। आपको सब कुछ पढ़ने की आवश्यकता नहीं है।

â€¦(व्यवधान)

**श्री दत्ता मेघे :** यह थर्मल प्रकल्प किसी भी दृष्टि से किसानों तथा पर्यावरण के हित में नहीं है, इसके कारण खेती, पानी, पर्यावरण का भारी नुकसान होने का अंदेशा है।

इसलिए मेरा निवेदन है कि किसानों से जुड़े इस अत्यंत महत्वपूर्ण विषय को अगले सप्ताह की कार्य सूची में सम्मिलित करके इस पर सदन में चर्चा की जाये और केन्द्र सरकार इस समस्या पर शीघ्र कार्यवाही करे। विषय विस्तार से संलग्न है।

**सभापति महोदय :** श्री जय प्रकाश अग्रवाल --अनुपस्थित।

**श्रीमती रमा देवी (शिवहर):** सभापति महोदय, अगले सप्ताह की कार्यवाही के दौरान मेरे निम्नलिखित एजेंडों को शामिल करने हेतु अनुमति प्रदान करने की कृपा करें।

1. राष्ट्रीय राजमार्ग 104 अन्तर्गत चकिया से पमरा तक चौड़ीकरण करने का कार्य।

2. शिवहर केन्द्रीय विद्यालय के लिए भवन निर्माण शुरू करने का कार्य। **…**(व्यवधान)

**सभापति महोदय :** आप केवल विषय पर बोलिये।

**…**(व्यवधान) *

------------

**श्री रामकिशुन (चन्दौली):** सभापति महोदय, कृपया अगले सप्ताह की कार्य सूची में दो विषयों को जोड़ दिया जाये --

(i) भारत सरकार के अधीन कार्यरत आशा स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं की संख्या लगभग 2,00,000 है। इनके सक्रिय सेवा तथा आवश्यकता को देखते हुए इनके वेतन-भत्ते आदि बढ़ाये जाने की आवश्यकता के संबंध में।

(ii) केन्द्र सरकार द्वारा देश भर के किसानों के कृषि कार्य संबंधी सहायता के लिए बनाये गये किसान मित्र योजना के अंतर्गत उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा नियुक्त किये गये लगभग 52,000 किसान मित्रों की सेवा समाप्त किये जाने से उत्पन्न स्थिति के संबंध में।

सादर।

**श्री कौशलेन्द्र कुमार (नालंदा):** महोदय, कृपया आगामी सप्ताह की कार्यसूची में दो विषय जोड़े जाएं:

1. फल्गू नदी, जो इब्राहिमपुर, बिहार राज्य के जहानाबाद जिले में है, के निकट से जो महाने नदी निकलती है, वह बिहार राज्य के नालन्दा जिले के इस्लामपुर, नूरसराय होते हुए गुजरती है। इससे पूरे नालन्दा जिले के खेतों की सिंचाई होती है एवं इससे जुड़े सभी पइनों जिनके सहारे इस नदी का पानी सिंचाई के लिए जाता है, में गाद भर गया है। इसके लिए केन्द्रीय जल आयोग को इसका प्राक्कलन बनाकर इसकी गाद सफाई कराने की आवश्यकता है।

2. देश में वर्तमान में पंद्रह लाख शिक्षकों की कमी है। प्रत्येक वर्ष रिटायरमेंट और बढ़ती आबादी के चलते इस कमी में दस प्रतिशत की दर से वृद्धि हो रही है। छः वर्ष से चौदह वर्ष तक के सभी बच्चों को शिक्षा का अधिकार संविधान ने दिया है, परन्तु केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की नीतियों के चलते समुचित संख्या में शिक्षकों की भर्ती नहीं हो पा रही है। मांग का केवल दस प्रतिशत ही भर्ती हो पा रही है। अतः केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के नीति निर्धारक तत्वों और आधिकारी स्तर पर आमूल-चूल परिवर्तन की आवश्यकता है।

**श्री महेन्द्रसिंह पी. चौहाण (साबरकांठा):** महोदय, अगले सप्ताह की कार्यवाही के दौरान मेरे निम्नलिखित विषयों को शामिल करने हेतु अनुमति प्रदान करने की कृपा करें:

1. मेरे संसदीय क्षेत्र साबरकांठा में समेकित बाल विकास योजना के कार्यों की जांच विशेषकर आदिवासी क्षेत्र में की जाए और पाए गए दोषी अधिकारियों की पहचान करके उन्हें सजा दिलाने का कार्य किया जाए जिससे समेकित बाल विकास योजना में भ्रष्टाचार को रोका जा सके।

2. मेरे संसदीय क्षेत्र साबरकांठा के पिछड़ेपन को दूर करने के लिए विचार किया जाए और पिछड़े क्षेत्रीय विकास फंड की मदद से उद्योग लगाने का कार्य।

**श्री मारोतराव सैनुजी कोवासे (गडचिरोली-चिमूर):** महोदय, आपसे निवेदन है कि सब्मिशन्स के अंतर्गत निम्नलिखित दो विषयों को आगामी सप्ताह की कार्यसूची में शामिल किए जाने हेतु अनुमति प्रदान की जाए:

1. महाराष्ट्र राज्य के गड़चिरोली चिमुर आदिवासी संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत नागभीड़ से नागपुर छोटी रेलवे लाइन, जो चन्द्रपुर व नागपुर जिलों से होकर गुजरती है, को बड़ी रेलवे लाइन में परिवर्तित किए जाने के बारे में।

2. महाराष्ट्र राज्य के गड़चिरोली आदिवासी बाहुल्य जिले की तालुका धानोरा में कारवापा और तालुका मूलचेरा में चन्ना लघु सिंचाई प्रोजेक्ट को वन संरक्षण अधिनियम के अधीन शीघ्र स्वीकृति प्रदान किए जाने के बारे में।

**सभापति महोदय :** माननीय सदस्यो, कॉलिंग अटेंशन से पहले बीएसी की रिपोर्ट एडॉप्ट कर लेते हैं।